# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

**विज्ञापन सं०–29/2024,** शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई में माध्यमिक शिक्षक के कुल 41 (एकतालीस) एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक के कुल–21 (इक्कीस) पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य भारतीय उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर प्रदर्शित है।

**A. माध्यमिक शिक्षक के रिक्त 41 पदों की कोटिवार विवरणी निम्नवत् हैः–**

(क)

| क्र०सं० | कोटि | अनुमान्य पदों की कुल संख्या | 35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित वर्ग | 11 | 04 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 04 | 01 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 08 | 03 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 01 | 00 |
| 5. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 10 | 04 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 07 | 02 |
| **कुल** | | **41** | **14** |

(ख)

| | | |
|---|---|---|
| 2. | सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक– 2526, दिनांक– 18.02.2016 के आलोक में राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों जिन्हें केन्द्र द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/ नतीनी के लिए आरक्षित (2%) कुल पदों की संख्या | 01 |

(ग)

| **3. सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–962, दिनांक–22.01.2021 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 के आलोक में दिव्यांगता से ग्रस्त उम्मीदवारों को क्षैतिज आरक्षण निम्नवत् देय होगा–** | | |
|---|---|---|
| (i) | दृष्टि दिव्यांगता (VI) | 01 |
| (ii) | मूक बधिर दिव्यांगता (DD) | 01 |
| (iii) | चलन दिव्यांगता (OH) | 00 |
| (iv) | मनोविकार/बहुदिव्यांग (MD) | 00 |

**नोटः– रिक्तियों की संख्या औपबंधिक है, जो घट–बढ़ सकती है।**

2. **वेतनमानः–** लेवल–9

3. **माध्यमिक शिक्षक के लिए अर्हताः–**

(i) भारत का नागरिक हो।

(ii) केन्द्र अथवा बिहार सरकार द्वारा आयोजित करवाये गये शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हो।

(iii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक डिग्री। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग के लिए न्यूनतम निर्धारित अंक में 5% की छूट दी जायेगी।

(iv) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम लागू होने के पूर्व मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान से बी०एड० अथवा अधिनियम लागू होने के बाद राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी०एड० की डिग्री।

(v) स्नातक प्रतिष्ठा/समकक्ष योग्यताधारी अभ्यर्थी को संबंधित विषय में नियुक्ति के लिए अधिभार दिया जायेगा।

विद्यालय में स्थायी पद सृजन हेतु निर्गत संकल्प संख्या–1355 की कंडिका–2.2 एवं 2.3 में वर्णित विषय में स्नातक सहित आलिम व शास्त्री विषय को उसके समकक्ष योग्यता के अन्तर्गत माना जायेगा।

(vi) मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय में 3 वर्षों का स्नातक शिक्षक के रूप में शैक्षणिक अनुभव।

बिहार राज्य के साथ अन्य राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय को सम्मिलित किया जाता है। शैक्षणिक अनुभव के संबंध में अभ्यावेदक यदि सरकारी विद्यालय में कार्य किये हों, ऐसी स्थिति में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा निर्गत शैक्षणिक अनुभव प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जायेगा। गैर सरकारी विद्यालय के कर्मी होने की स्थिति में संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/प्रिन्सिपल द्वारा निर्गत शैक्षणिक अनुभव प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जायेगा, बशर्ते अभ्यर्थी के उक्त अवधि का बैंक के माध्यम से भुगतान का स्पष्ट साक्ष्य हो।

**B.** उच्च माध्यमिक शिक्षक के रिक्त 21 पदों की कोटिवार विवरणी निम्नवत् है:–

(क)

| क्र.सं. | कोटि | अनुमान्य पदों की कुल संख्या | 35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित वर्ग | 06 | 02 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 02 | 00 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 04 | 01 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 01 | 00 |
| 5. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 05 | 02 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 03 | 01 |
| कुल | | 21 | 06 |

(ख)

| | | |
|---|---|---|
| 2. | सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक– 2526, दिनांक– 18.02.2016 के आलोक में राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों जिन्हें केन्द्र द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/ नतीनी के लिए आरक्षित (2%) कुल पदों की संख्या | 00 |

(ग)

| 3. सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–962, दिनांक–22.01.2021 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 के आलोक में दिव्यांगता से ग्रस्त उम्मीदवारों को क्षैतिज आरक्षण निम्नवत् देय होगा– | | |
|---|---|---|
| (i) | दृष्टि दिव्यांगता (VI) | 01 |
| (ii) | मूक बधिर दिव्यांगता (DD) | 00 |
| (iii) | चलन दिव्यांगता (OH) | 00 |
| (iv) | मनोविकार/बहुदिव्यांग (MD) | 00 |

**नोटः– रिक्तियों की संख्या औपबंधिक है, जो घट–बढ़ सकती है।**

2. वेतनमानः– लेवल–11

3. उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए अर्हताः–

(i) भारत का नागरिक हो।

(ii) केन्द्र अथवा बिहार सरकार द्वारा आयोजित करवाये गये शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हो।

(iii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विनिर्दिष्ट विषय में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग के लिए न्यूनतम निर्धारित अंक में 5% की छूट दी जायेगी।

(iv) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम लागू होने के पूर्व मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी॰एड॰ अथवा अधिनियम लागू होने के बाद राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी॰एड॰ की डिग्री।

(v) स्नातक प्रतिष्ठा/समकक्ष योग्यताधारी अभ्यर्थी को संबंधित विषय में नियुक्ति के लिए अधिभार दिया जायेगा।

विद्यालय में स्थायी पद सृजन हेतु निर्गत संकल्प संख्या–1355 की कंडिका–2.2 में वर्णित विषय में स्नातक सहित आलिम व शास्त्री विषय को समकक्ष योग्यता के अन्तर्गत माना जायेगा।

(vi) मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय में 3 वर्षों का स्नातकोत्तर शिक्षक के रूप में शैक्षणिक अनुभव।

बिहार राज्य के साथ अन्य राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय को सम्मिलित किया जाता है। शैक्षणिक अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी यदि सरकारी विद्यालय में कार्य किये हों, ऐसी स्थिति में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा निर्गत शैक्षणिक अनुभव प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जायेगा। गैर सरकारी विद्यालय के कर्मी होने की स्थिति में संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/प्रिन्सिपल द्वारा निर्गत शैक्षणिक अनुभव प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जायेगा, बशर्ते अभ्यर्थी के उक्त अवधि का बैंक के माध्यम से भुगतान का स्पष्ट साक्ष्य हो।

**नोटः–न्यूनतम अर्हता, शिक्षक पात्रता परीक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण योग्यता एवं शैक्षणिक अनुभव से संबंधित सभी प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि–16.05.2024 तक का निर्गत होना चाहिए अन्यथा उम्मीदवार की उम्मीदवारी रदद् कर दी जायेगी।**

4. <u>उम्र सीमा</u> :– दिनांक 01.01.2024 को न्यूनतम 25 वर्ष।

| कोटि | अधिकतम |
|---|---|
| सामान्य कोटि | 40 वर्ष |
| पिछड़ा/अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 43 वर्ष |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 45 वर्ष |
| अनारक्षित महिला | 43 वर्ष |

**नोटः–अनुबंध नियोजन के फलस्वरूप किये गये कार्य अवधि के समतुल्य अवधि की छूट अधिकतम उम्र सीमा में दी जायेगी। किसी कार्यरत वर्ष के अंश को भी इसमें शामिल किया जायेगा।**

